
हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, रविवार, 23 नवम्बर 2025
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हड़ताली कर्मचारियों ने दी ज्वाइनिंग 4








## टेंडर होने के बाद भी मरम्मत कार्य में हो रही लेटलतीफी

# एनएच की सड़कों से उड़ती धूल ने बढ़ाई लोगों की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- कुछ क्षेत्रों में ही हो सका मरम्मत का कार्य, शेष में अभी इंतजार

डामरीकरण और पैच रिपेयरिंग का काम शुरू होने के बाद भी लोगों को गड्ढों और धूल से राहत मिलती नजर नहीं आ रही है। शहर के बीच से होकर गुजरने वाली एनएच की सड़कों की हालत बेहद खराब है और अब सड़क के गड्ढों के साथ ही उड़ती धूल ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। टेंडर होने और काम शुरू होने के बाद भी धूल भरी सड़क से मुक्ति नहीं मिलने से नगरवासियों में रोष का माहौल है। इधर अधिकारी जल्द ही पैच रिपेयरिंग का काम पूर्ण होने की बात कह रहे है।



एनएच पर उड़ती धूल।

बता दें कि शहर के बीच से होकर गुजरने वाली मुख्य सड़क एनएच के अधीन है। शहर के एमजी रोड से लेकर गांधी चौक, घड़ी चौक, देवीगंज रोड़, संगम चौक, महामाया चौक से सदर रोड, अग्रसेन चौक, होते हुए दरिमा रोड तक की सड़क एनएच 43 के अधीन आती है और इस सड़क की स्थिति बेहद ही जर्जर हो चुकी है। शहर के मुख्य व्यावसायिक मार्ग की सड़क के जर्जर होने से लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर बने गड्ढों के कारण बारिश के समय लोग दुर्घटना के शिकार हुए जबकि अब गड्ढे और उड़ती धूल के कारण परेशानी और भी बढ़ गई है। एनएच विभाग द्वारा सड़कों के मरम्मत और पैच रिपेयरिंग हेतु टेंडर करने के बाद 8 करोड़ रुपए की लागत से काम शुरू कराया गया लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि एनएच विभाग विभाग द्वारा पीजी कॉलेज के सामने से लेकर घड़ी चौक तक जबकि भारत माता चौक से दरिमा मोड़ के बीच पैच रिपेयरिंग और गड्ढों को भरने का काम ही किया गया। शेष शहर के बीच और ज्यादा खराब क्षेत्रों में स्थिति अभी भी जस की तस बनी हुई है। गड्ढों के साथ ही उड़ती धूल के कारण लोगों में खासा आक्रोश है। लोगों का कहना है कि विभाग द्वारा मरम्मत और गड्ढों को भरने के काम में भी लापरवाही की जा रही है और ठेकेदार की मनमानी के कारण ही इस तरह की स्थिति निर्मित हुई है। विदित हो कि एनएच द्वारा 8 करोड़ रुपए की लागत से गड्ढों को भरने का टेंडर किया गया है। इसमें शहरी क्षेत्र में लगभग डेढ़ करोड़ की लागत से मरम्मत का काम होना है जबकि शेष राशि सिलफिली, सीतापुर, पत्थलगांव, कुनकुरी क्षेत्र में भी पैच रिपेयरिंग के लिए उपयोग की जानी है।

**चल रहा है निर्माण**

पैच रिपेयरिंग का काम चल रहा है। जल्द ही सभी गड्ढों को भरने और सड़कों के मरम्मत का काम पूर्ण कर लिया जाएगा। इस संबंध में ठेकेदारों को भी स्पष्ट निर्देश दिए गए है।

-आरडी ताम्ब्रे
ईई एनएच

## नशेड़ी पति ने पत्नी की हत्या कर कुएं में फेंकी लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

- ऊपर से भर दिया पुआल, फरार आरोपी की तलाश जारी

पत्नी की कहासुनी से नाराज नशेड़ी पति ने डंडे व सिलबट्टे से हमला कर बेहरमीपूर्वक पत्नी की हत्या कर दी तथा साक्ष्य को छिपाने के लिए मृतिका की लाश को पास के कुएं में फेंक दिया। आरोपी पति ने लाश के ऊपर पुआल डाल दिया ताकि किसी की नजर ना बड़े। छोटे बेटे की सूचना पर मृतिका की लाश को कुएं से बरामद हो गई। घटना के बाद आरोपी पति फरार हो गया है।



सूरजपुर जिले के दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नवाटोला माझापारा निवासी अशोक राजक आदतन नशेड़ी है तथा नशे में वह आए दिन अपनी पत्नी देव कुमारी के साथ विवाद और मारपीट करता था। बीटी रात वह शराब के नशे में घर पहुंचा तथा पत्नी देव कुमारी से किसी बात को लेकर विवाद करने लगा। विवाद बढने पर उसने डंडे व सिलबट्टे से देवकुमारी पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। मृतिका के साथ मारपीट करने के दौरान उसका छोटा बेटा घर में ही मौजूद था जबकि दो बेटे अन्यत्र गए थे। छोटा बेटा बीच बचाव की कोशिश करने लगा तो नशेड़ी पिता उसपर भी हमला करने लगा। उसने घर से बाहर भागकर अपनी जान बचाई। पत्नी की हत्या करने के बाद उसने उसकी लाश को पास के कुएं में फेंक दिया तथा ऊपर से पुआल से ढंक कर फरार हो गया। बड़े भाई के घर पहुंचने पर छोटे भाई ने घटना की जानकारी दी। शनिवार की सुबह परिवार के सदस्यों के साथ मृतिका का बेटा उसकी लाश को तलाश रहा था। इस दौरान घर के कुएं में पुआल भरा होने पर उसे संदेह हुआ। पुआल हटाने पर मृतिका की लाश दिखी तो परिजन ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस एवं एफएसएल की टीम की मौजूदगी में लाश को बाहर निकाला गया। पुलिस व एफएसएल की टीम घटना की जांच कर रही है। थाना प्रभारी प्रदीप सिदार ने बताया कि मामले की जांच चल रही है और आरोपी की तलाश जारी है।

## 5 दिनों के बाद जिंदगी की जंग हार गया नवजात

- सेप्टिक सीट में गिर गया था बच्चा, हुआ था प्री मैच्योर प्रसव

**अंबिकापुर।** मां के गर्भ से सीधे शौचालय में गिरा आखिरकार जिंदगी की जंग हार गया। पांच दिनों तक चले उपचार के बाद नवजात की मौत हो गई। चिकित्सकों का कहना है कि नवजात प्री मैच्योर था और उसके जैविक अंग अविकसित थे। ऐसे में उसे बचाना काफी मुश्किल था।



बाथरूम गई महिला और हो गया प्रसव, एक घंटे तक सेप्टिक सीट में फंसा रहा नवजात

बता दें कि राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के एमसीएच में प्रतापपुर के रामपति बाई पति सूरज को प्रसव पीड़ा होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। महिला 7 माह की गर्भवती थी। इस दौरान 15 नवम्बर की सुबह 10.30 बजे महिला बाथरूम गई थी और उसके बाद वापस वार्ड में आकर सो गई थी। आधे घंटे बाद महिला को एहसास हुआ कि उसका पेट खाली है जिसके बाद हड़कंप मच गया। इस दौरान अस्पताल के सफाईकर्मियों ने बाथरूम के सेप्टिक सीट की जांच की तो नवजात सेप्टिक सीट के मुर्गा में फंसा हुआ था जिसे कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया था। बच्चे को अस्पताल के एसएनसीयू के वेंटिलेटर पर रखा गया था और चिकित्सक उसका उपचार कर रहे थे। बड़ी बात यह है कि बच्चा प्री मैच्योर था इसके बाद भी वह लगभग एक घंटे तक सेप्टिक सीट में फंसा रहा। चिकित्सकों के उपचार से दो दिनों बाद बच्चे की हालत में सुधार हुआ जिसके बाद उसे वेंटीलेटर से बाहर निकाल लिया गया था लेकिन बाद में फिर से उसकी तबीयत बिगड़ गई जिसके बाद वेंटीलेटर में रखकर उसका उपचार किया जा रहा था। उपचार के दौरान 20 नवंबर को नवजात जिंदगी की जंग हार गया। इस संबंध में सिविल सर्जन व शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. जेके रेलवानी ने बताया कि बच्चा प्री मैच्योर था इसके साथ ही उसके जैविक अंग पूर्णतः अविकसित थे। ऐसे बच्चों के बचने की संभावना कम रहती है। हमने अपनी ओर से प्रयास किया था।

**खबर संक्षेप**

### डॉ. अनिल सिन्हा पीजी कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य

**अंबिकापुर।** उच्च शिक्षा संचनालय ने राजीव गांधी पीजी कॉलेज के भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष एवं आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. अनिल कुमार सिन्हा को महाविद्यालय का प्रभारी प्राचार्य नियुक्त किया है। उच्च शिक्षा आयुक्त के निर्देश पर उन्होंने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। डॉ. सिन्हा ने पीजी कॉलेज से ही स्नातक एवं स्नातकोत्तर की पढ़ाई की है तथा वर्ष 1990 से कॉलेज में अपनी सेवाएं दे रहे है। उन्होंने बताया कि मेरे लिए यह अवसर अत्यंत सम्मानजनक एवं प्रेरणादायक है। संस्था के गौरव को उच्च स्तर तक ले जाने के लिए पूरी निष्ठा, पारदर्शिता एवं समर्पण के साथ कार्य करूंगा।




## खबर संक्षेप



### नगर पंचायत में मतदाता सूची परीक्षण का कार्य जोरों पर

**प्रतापपुर।** मतदाता सूची विशेष गहन परीक्षण के तहत विधानसभा प्रतापपुर के नगर पंचायत में युद्ध स्तर पर मतदाता सूची परीक्षण का कार्य सुचारू रूप से कराया जा रहा है। शासन द्वारा नियुक्त बीएलओ व भाजपा द्वारा नियुक्त बीएलए 2 द्वारा प्रत्येक वार्ड में उपस्थित मतदाताओं का फ्रॉम घर मोहल्ले घूम घूम कर भरवाया जा रहा है, वही लोगों को असुविधा न हो जिसे लेकर भाजपा के युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष व जिला आईटीसेल सहसंयोजक विक्रम नामदेव व सदस्य अजय सिंह, आर्यन दुबे, संतोष रजक, पूर्व पार्षद योगेंद्र सिंह, बुधराम देवांगन, अभिषेक कुशवाहा, सोनू शर्मा हर प्रकार के यथासंभव मदद की जा रही ताकि लोगों को फॉर्म भरने में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

### चेन्नई में शहर के एसआईपी अबेकस के बच्चों ने किया शानदार प्रदर्शन



**अम्बिकापुर।** चेन्नई में आयोजित एसआईपी अबेकस इंटरनेशनल प्रोडिजी में शहर के एसआईपी अबेकस के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया और शहर सहित प्रदेश का मान बढ़ाया है। वैश्विक प्रतियोगिता में कुल 5700 बच्चों ने भाग लिया, जिसमें 11 देशों के प्रतिभागी शामिल थे। बड़े अंतरराष्ट्रीय मंच पर शहर के बच्चों का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। संस्था प्रमुख नवनीत विश्वकर्मा ने बताया कि संस्था के होनहार छात्र जोहसन पोल मिंज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान हासिल किया। इसके अलावा केंद्र के सनिध्या गुप्ता,शुभांगी दुबे, इलवीन कुजूर ने बेहतर प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि बच्चों की यह उपलब्धि उनकी निरंतर मेहनत, अनुशासन और मजबूत मानसिक कौशल को दर्शाती है। साथ ही प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण का परिणाम है।

सबूत मिटाने जेसीबी लेकर पहुंचा ठेकेदार, ग्रामीणों ने भगाया

# अनुमति पट्टे की भूमि की और ठेकेदार ने काटे जंगल के पेड़ , ग्रामीणों का फूटा आक्रोश



ठूंठ निकालने जेसीबी लेकर पहुंचा ठेकेदार।



काटे गए पेड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

वन परिक्षेत्र घूई के रमकोला गांव में निजी भूमि पर पेड़ों की कटाई की अनुमति का दुरुपयोग कर जंगल के साल वृक्ष काटे जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों की शिकायत और विरोध के बाद न सिर्फ कटाई रोकी गई बल्कि लकड़ी के परिवहन पर भी रोक लगा दी गई है। हैरानी की बात तो यह है कि पेड़ काटने के बाद ठेकेदार सबूत मिटाने जेसीबी लेकर पहुंचा था जिसे क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और ग्रामीणें ने भगा दिया। मामले में वन विभाग की टीम ने जांच शुरू कर दी है।

**खास बात**

■ जून माह में निजी भूमि के पेड़ कटाई करने की ली थी अनुमति

#### ग्रामीणों ने जांच व कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों ने पेड़ों की कटाई को तस्करों की मिलीभगत करार देते हुए पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। साथ ही घटनास्थल पर मौजूद जेसीबी, क्रेन, ट्रक और अन्य मशीनों को जब्त करने की मांग भी की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि अनुमति के नाम पर वर्षों से जंगल की पेड़ो की कटाई हो रही है बावजूद इसके संबंधित अधिकारी इसकी निगरानी नहीं करते।

रमकोला निवासी ननकू आ.रामदास ने अपनी निजी भूमि खसरा नंबर 549 और 683 पर लगे नौ साल वृक्षों की कटाई के लिए जून में पेड़ कटाई करने की अनुमति प्राप्त की थी। राजस्व विभाग प्रतापपुर ने यह अनुमति जारी की थी। लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि अनुमति केवल निजी भूमि के लिए थी, जबकि कटाई नदी तट क्षेत्र की वन भूमि पर की गई। मौके पर कई बड़े साल वृक्ष पहले ही काट दिए गए थे और लकड़ी खरीदारों के साथ मशीनें लगी थीं। स्थानीय लोगों का कहना है कि महज़ नौ पेड़ों की कटाई के लिए पांच महीने इंतज़ार करने का कोई औचित्य नहीं है। ग्रामीणों को संदेह है कि अनुमति को आधार बनाकर जंगल के पेड़ काटे गए और कटाई पूरी तरह अवैध थी। घटना ने उस समय गंभीर मोड़ ले लिया जब शिकायत की जानकारी मिलते ही ठेकेदार जेसीबी लेकर मौके पर पहुंच गया। ग्रामीणों के अनुसार ठेकेदार का उद्देश्य कटे हुए पेड़ के ठूंठ उखाड़कर सबूतों को मिटाना था, ताकि अवैध कटाई का कोई निशान न बचे। इधर जैसे ही जनपद सदस्य धनसाय मरावी और ग्रामीणों को इसकी भनक लगी तो ग्रामीण काफी आक्रोशित होकर मौके पर पहुंच गए।

बढ़ते विरोध को देखते हुए चालक जेसीबी लेकर वहां से भागा और वाहन को वन विभाग कार्यालय में ले जाकर खड़ा कर दिया। ग्रामीणों ने इसे सबसे बड़ा खुलासा बताया और कटाई को पूरी तरह योजनाबद्ध बताया।

#### दोषियों के खिलाफ होगी कार्रवाई

शिकायत के बाद वन विभाग की टीम के साथ मौके पर निरीक्षण किया गया। जांच पूरी होने तक लकड़ी के परिवहन पर रोक लगा दी गई है। मामले की विस्तृत जांच की जाएगी और दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।

-अजय सोनी
रेंजर तमोर पिंगला



## कुम्दा साइडिंग में कोल गुणवत्ता सुधार को लेकर हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में गुणवत्ता सुधार पखवाड़ा अंतर्गत शनिवार को कुम्दा साइडिंग स्थित कोयला नमूना तैयारी कक्ष में आयोजित बैठक में विशेषज्ञों, तकनीकी अधिकारियों और फील्ड स्टाफ ने एक साथ बैठकर कई बिंदुओं पर मंथन किया, यहां पर क्षेत्रीय गुणवत्ता प्रबंधक अमरेंद्र नारायण सिंह के अलावा सैंपल सहायक, सैंपल सुपरवाइज़र और तकनीकी निरीक्षकों की मौजूदगी में बैठक हुई,कार्यक्रम की शुरुआत में वरिष्ठ अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि आधुनिक खदान प्रबंधन में कोयला गुणवत्ता ही वह आधार है,जो कंपनी की छवि, मूल्य और उपभोक्ता विश्वास को सुनिश्चित करता है,सैंपलिंग प्रक्रिया में की गई एक छोटी सी त्रुटि भी करोड़ों के उत्पादन और ग्रेडिंग को प्रभावित कर सकती है,बैठक में सैंपल तैयार करने की वैज्ञानिक विधियों को विस्तार से समझाया गया,अधिकारियों ने बताया कि नमूना लेते समय किसी भी प्रकार की बाहरी वस्तु, नमी या अवांछित कणों के मिश्रण से बचना अनिवार्य है,कोयले के अलग-अलग स्तरों से सैंपल लेने की तकनीक,उसे समान रूप से मिलाने की प्रक्रिया और सटीक नाप-तौल का महत्व कर्मचारियों को प्रायोगिक उदाहरणों के साथ समझाया गया,नमूना कक्ष में इस्तेमाल किए जाने वाले यंत्रों की सफाई, मानक माप उपकरणों की जांच और सैंपलिंग के दौरान सुरक्षा उपायों को अनिवार्य रूप से लागू करने पर जोर दिया गया,गुणवत्ता सुधार अभियान को मजबूती देने के लिए तकनीकी निरीक्षकों ने कर्मचारियों को विस्तृत सूची भी बताई,यहां पर बताया गया कि सैंपलिंग के दौरान जल्दबाजी या अनदेखी से बचें,किसी भी चरण में मानक प्रक्रियाओं से विचलन न हो,तैयार नमूने को सुरक्षित, सूखे और सील बंद तरीके से ही भेजा जाए। किसी भी संदेहजनक स्थिति में वरिष्ठ अधिकारी को तुरंत सूचना दी जाए।

## प्रधान पाठकों को सेमिनार में दी गई जानकारी

**सीतापुर।** विकासखंड में शिक्षा की गुणवत्ता को मजबूत बनाने और विद्यार्थियों के सीखने के अनुभव को समृद्ध करने के उद्देश्य से प्रधान पाठक सेमिनार का आयोजन किया गया। शिक्षा विभाग व अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित सेमीनार में डीईओ दिनेश कुमार झा, जिला मिशन समन्वयक सर्वजीत पाठक, बीईओ इंदु तिर्की, एबीईओ अनिल मिश्रा, विकासखंड श्रोत समन्वयक रमेश सिंह, संकुल प्राचार्य, संकुल समन्वयक तथा प्राथमिक विद्यालयों के सभी प्रधान पाठकों ने सहभागिता की। सेमिनार में ब्लॉक के 13 चयनित प्रधान पाठकों ने अपने विद्यालयों में किए जा रहे नवाचारी शैक्षिक कार्यों और प्रभावी प्रोजेक्ट्स को प्रस्तुत किया। इन प्रोजेक्ट्स में पुस्तकालय निर्माण एवं उपयोग, प्रिंट-रिच वातावरण का निर्माण, सुबह की प्रार्थना सभा में नवाचार, रचनात्मक लेखन, तथा बाल-केंद्रित गतिविधियां जैसी महत्वपूर्ण शैक्षिक पहल प्रमुख रहे। बच्चों की मौखिक और लिखित अभिव्यक्ति में सुधार, सीखने के स्तर में वृद्धि और विद्यालय के वातावरण में उल्लेखनीय परिवर्तन दर्ज किए गए। विद्यालय अधिक जीवंत, सक्रिय और सीखने-केंद्रित बने हैं। अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन की ओर से ज्ञान विकास, यजत, राकेश और नेहा ने प्रोजेक्ट कार्य में प्रधान पाठकों को सतत सहयोग प्रदान किया।



## प्रतिबंध के बाद भी धड़ल्ले से चल रहा रेत का उत्खनन और भंडारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

■ प्रतापगढ़ में कर रहे भंडारित, रात के अंधेरे में होती है तस्करी



एनजीटी के प्रतिबंध के बावजूद क्षेत्र में रेत का अवैध खनन एवं भंडारण भारी पैमाने पर धड़ल्ले से किया जा रहा है। रेत का रो बा री बि ना अनुमति के नदी से रेत की उत्खनन के साथ ही भंडारण कर रहे है। जहां से हाइवा एवं टिपर में रेत भरकर उसे रात के अंधेरे में खपाया जा रहा है। ऐसा नही है कि धड़ल्ले से चल रहे है रेत के इस अवैध कारोबार की भनक प्रशासन एवं खनिज विभाग को नही है लेकिन अधिकारी इस सम्बंध में जानकारी होने के बाद भी कार्रवाई के बजाए चुप्पी साधे बैठे है और खनिज माफियाओं के हौसले बुलंद है।

बता दें कि एनजीटी द्वारा विगत 10 जून से नदी नालों से रेत खनन पर प्रतिबंध लगाया गया है। प्रतिबंध के दौरान नदी नालों से रेत का खनन एवं परिवहन करना आपराधिक कृत्य माना जाता है इसके बाद भी ग्राम प्रतापगढ़ मांड नदी से रेत का अवैध खनन एवं भंडारण भारी पैमाने पर धड़ल्ले से किया जा रहा है। रेत कारोबारी प्रतिबंध के बाद भी बिना अनुमति मांड नदी से रेत का खनन एवं भंडारण कर रहे है। उक्त भंडारण ग्राम प्रतापगढ़ के बाजारडांड में किया जा रहा है जिसके लिए खनिज विभाग से कोई वैध अनुमति नहीं ली गई है जबकि रेत खनन के दौरान भंडारण हेतु जिस जगह का निर्धारण किया जाता है उसके लिए तय मापदंड के आधार पर खनिज विभाग द्वारा अनुमति प्रदान करती है। भंडारण के बाद देर रात जेसीबी मशीन द्वारा टिपर वाहनों में रेत भरकर उसे बाहर खपाया जा रहा है। इस दौरान रेत भरी हाइवा एवं टिपर वाहन को त्रिपाल से ढंक दिया जाता है ताकि उस पर किसी की नजर न पड़े।प्रतापगढ़ में खुलेआम चल रहे अवैध रेत के इस अवैध कारोबार को लेकर स्थानीय लोगों में भी भारी नाराजगी देखी जा रही है। उनका कहना है कि प्रतिबंध के बाद भी जिस तरह मांड नदी से रेत का खनन किया जा रहा है उससे क्षेत्र की जीवनदायिनी मांड नदी का अस्तित्व खतरे में पड़ जायेगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि मांड नदी के बेतरतीब दोहन से नदी में जगह जगह खतरनाक और जानलेवा गड्ढे निर्मित हो गए है जिसकी वजह से बारिश के दिनों में जानलेवा हादसे का खतरा बना रहता है। बीते साल प्रतापगढ़ के मांड नदी में ऐसा एक हादसा हो चुका है जिसमे रेत खनन के लिए खोदे गए गड्ढे में एक बालक की डूबने से मौत हो गई थी। लोगों ने प्रतापगढ़ के मांड नदी में चल रहे रेत के अवैध खनन एवं परिवहन पर रोक लगाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि खनिज विभाग यह सब जानते हुए भी इनके विरुद्ध कोई कार्रवाई नही कर रही है। अधिकारी केवल प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत रेत ढुलाई करने वाले गरीब ट्रैक्टर मालिकों के विरुद्ध कार्रवाई करके वाहवाही करा रहे है जबकि बड़े रेत तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करने में अधिकारियों के पसीने छूट रहे है।

इस संबंध में एसडीएम रामसिंह ठाकुर ने कार्रवाई की बात कही है। वहीं माइनिंग निरीक्षक नेहा टंडन ने कहा कि जहां भी अवैध रूप से रेत का खनन एवं परिवहन हो रहे हैं उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।



### फुटपाथ पर सोने वालों को किया गया कम्बल का वितरण

**अंबिकापुर।** कडाके की ठंड के बीच खुले आसमान के नीचे गुजर बसर करने वालों की मदद के लिए युवा पार्षद ने मुहिम चलाया है। पार्षद द्वारा फुटपाथ किनारे रहने वालों को गर्म कपड़े, कम्बल के वितरण का कार्य किया जा रहा है। विगत वर्षों की तरह ही इस बार भी पार्षद शुभम जायसवाल द्वारा क्षेत्र में रहने वाले लोगों के मदद की शुरुआत की गई है। पार्षद व उनकी टीम द्वारा शहर के फुटपाथ में रहने वाले लोगों को ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़े, कम्बल आदि का वितरण किया गया। पार्षद ने बताया कि वे पिछले आठ वर्षों से जरुरतमंदों के लिए ठंड के समय इस तरह का प्रयास करते है। इस दौरान राहुल सोनी, अतुल ताम्रेकर, रवि सिंह, वंश, साहिल, अभिजीत, अनिकेत, अभिज्ञ, निखिल सिंह, समीर, सुशील, पीयूष आदि उपस्थित रहे।

### चलती बाइक से गिरा वृद्ध, अस्पताल ले जाते समय हुई मौत

**अम्बिकापुर।** पड़ोसी के साथ बाजार से खरीददारी कर घर लौट रहा वृद्ध चलती बाइस से सड़क पर गिर गया। दुर्घटना में गंभीर हुए वृद्ध की मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाते समय रास्ते में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार रमकोला निवासी रन साय आ. स्व. सीताराम (79 वर्ष) शुक्रवार को पड़ोसी शेरू के साथ बाइक से प्रतापपुर बाजार खरीदारी करने आया था। बाजार से खरीदारी कर दोनों बाइक से वापस घर लौटने लगे और जैसे ही ग्राम बड़वार के समीप पहुंचे तभी चलती बाइक से वृद्ध सड़क पर गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को प्रतापपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने वृद्ध की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। इधर घटना की जानकारी लगते ही परिजन घायल वृद्ध को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर आ रहे थे तभी वृद्ध ने रास्ते में दम तोड़ दिया। परिजन वृद्ध को लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत वृद्ध को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

**न्यायालय नजूल अधिकारी सूरजपुर,
जिला सूरजपुर ( छ.ग. )**
रा.प्र.क्र. .
**ईश्तहार**
आगामी तिथि 5/12/2025

इस सार्वजनिक ईश्तहार के जरिये सर्व साधारण आम जनता/संस्था/विभाग को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक उमेश चन्द गुप्ता आ. स्व. देवीशरण गुप्ता, उम्र लगभग 43 वर्ष, निवासी वार्ड नम्बर 07 कचहरीपारा बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया छ.ग. द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि सुजाता गुप्ता, मंजू गुप्ता, मीनू गुप्ता, ममता गुप्ता सभी पुत्रीगण स्व. देवीशरण गुप्ता एवं राजरानी गुप्ता बेवा देवीशरण गुप्ता के संयुक्त स्वामित्व एवं अधिपत्य की नजूल भूमि नगर सूरजपुर प.ह.नं. 11 में स्थित है जिसका प्लाट नम्बर 2119/2915/1 रकबा 1851 वर्गफुट है। पंजीकृत हक त्याग दिनांक 25.06.2024 के आधार पर आवेदक की माता एवं बहनों का नाम विलोपित किए जाने का अनुरोध किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन लंबित है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था/विभाग को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक/ लीगल एजेंट के माध्यम से अपना दावा/आपत्ति दिनांक 5/12/2025 को न्यायालयीन अवधि में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति के संबंध में कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 21/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी
सूरजपुर**




































# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH






# जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

## पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री

मोहनी स्पेशलिस्ट

हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"

ऑफिस आने पर मात्र ₹ 101/- फोन से परामर्श केवल ₹ 251/-

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

**जब कही ना हों काम, तो हमसे लें समाधान**



**पं. एस. के. शास्त्री**
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

## जन्म पत्रिका बनाई जाती है



- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण

**बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060**

असुविधा से बचने के लिए
आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें

हमारी अन्य कोई और
शाखा नहीं है।

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।

**पोलसाय पारा चौक, दुर्ग (छ.ग.)**

मिलने का समय : सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक

**संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +91 9755964567**

## खबर संक्षेप

### इंटरनेशनल हेरिटेज फेस्टिवल में शामिल होंगे युवा आयोग के अध्यक्ष

**अंबिकापुर।** त्रिपुरा में आयोजित इंटरनेशनल हेरिटेज फेस्टिवल में प्रदेश के राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर शामिल होंगे।



त्रिपुरा की राजधानी अगरतला में होने वाले इस इंटरनेशनल हेरिटेज फेस्टिवल में देश के विभिन्न राज्यों से 375, नेपाल से 12, श्रीलंका से 6, अफ्रीका से 7 देशों से 17 प्रतिभागी शामिल हो रहे है। 20 से 26 नवम्बर तक चलने वाले इस फेस्टिवल का उद्घाटन त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने किया। 22 नवंबर को छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर भी इस फेस्टिवल में शामिल होने अगरतला पहुंचे। श्री तोमर 22 से 25 नवंबर तक इस फेस्टिवल में रहेंगे तथा युवाओं को आगे बढ़ाने के साथ ही विरासत से जुड़ने के क्षेत्र में भी यहां बात होगी। सात दिवसीय यह कार्यक्रम विभिन्न मतों, भाषाओं, क्षेत्रों के होते हुए भी युवाओं को अपने देश को आगे बढ़ाने के लिए किस दिशा में और कैसे काम करना है इसका जीवंत उदाहरण प्रस्तुत करेगा। छत्तीसगढ़ की भव्य विरासत एवं विविधताओं से भी इस इंटरनेशनल यूथ फेस्टिवल में विश्व विजय सिंह तोमर अवगत कराएंगे।

### आकाश सोनी को डिप्टी सीएम ने सौंपा पदस्थापना आदेश



**राजपुर।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने नगर के होनहार युवक एवं सोनार समाज राजपुर के अध्यक्ष सुरेश सोनी तथा राजेश सोनी के पुत्र आकाश सोनी को लोक निर्माण विभाग में सिविल इंजीनियर के पद पर जिला मनेंद्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर में पदस्थापना आदेश प्रदान किया है। आकाश सोनी आरंभ से ही पढ़ाई में प्रतिभाशाली और मेहनती रहे हैं। उनकी प्रारंभिक शिक्षा जवाहर नवोदय विद्यालय, बसदेई में हुई। इसके पश्चात उन्होंने पॉलिटेक्निक अंबिकापुर से तकनीकी शिक्षा प्राप्त की और फिर भिलाई से बीई आर्किटेक्चर सहित अन्य उच्च तकनीकी डिग्रियां हासिल कीं। अपनी कठिन मेहनत और दृढ़ संकल्प के बल पर आकाश ने पूरे छत्तीसगढ़ में टॉप टेन में स्थान प्राप्त करते हुए लोक निर्माण विभाग तथा जल संसाधन विभाग की भर्ती परीक्षा उत्तीर्ण की है। उनकी इस उल्लेखनीय सफलता से न केवल परिवार, बल्कि समाज और नगरवासियों में भी हर्ष की लहर है।

### उत्साह पूर्वक मनाया गया 77वां एनसीसी दिवस समारोह



**अंबिकापुर।** शनिवार को शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 77वां एनसीसी दिवस उत्साह एवं गरिमा के साथ मनाया गया। समारोह में एनसीसी कैडेट्स ने अनुशासन, देशभक्ति एवं समर्पण की भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कलेक्टर सरगुजा ने एनसीसी ध्वज के ध्वजारोहण के साथ किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी दिनेश झा उपस्थित रहे। समारोह के दौरान पश्चात जूनियर डिवीजन के कैडेट्स ने परेड निरीक्षण, सलामी एवं आकर्षक परेड की प्रस्तुति दीं। एनसीसी एवं विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिन्हें उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों ने सराहा। एनसीसी अधिकारी नवनीत त्रिपाठी ने इस अवसर पर एनसीसी के इतिहास, उद्देश्य एवं युवाओं में राष्ट्रभक्ति जागृत करने में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। समारोह का समापन वंदे मातरम एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य ने भी एनसीसी कैडेट्स को एनसीसी दिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर एडवर्ड टोप्पो, श्रीमती रीना रानी सहाय, शैलेंद्र सिंह सेंगर, प्रकाश एक्का, फलेंद्र साहू, संतोष साहू, रमेश राय, राजेश अम्बष्ट, श्रीमती कुसुम गुप्ता, कुमारी आराधना टोप्पो एवं विद्यालय के अन्य समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं का योगदान रहा।

## हड़ताली कर्मचारियों ने दी ज्वाइनिंग

# धान उपार्जन केन्द्रों में छाई वीरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

धान खरीदी को लेकर चल रही परेशानियां अब खत्म होने वाला है। शासन की सख्ती के बाद सहकारी समितियों के प्रबंधक सहित अन्य कर्मचारियों ने सोमवार से अपना कार्यभार सम्भालने का निर्णय लिया है। धान खरीदी प्रारंभ हुए एक सप्ताह हो गया है लेकिन अभी भी अधिकांश केन्द्रों में वीरानी छायी है।

**खास बात**
- अभी भी टोकन के लिए भटक रहे किसान

धान खरीदी प्रारंभ होने के पूर्व ही प्रदेश भर के समिति प्रबंधक, ऑपरेटर सहित अन्य कर्मचारी अपनी चार सूत्रीय मागों के समर्थन में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए थे। कर्मचारियों द्वारा समितियों से दूरी बनाने के कारण शासन द्वारा समितियों में शासकीय कर्मचारियों को तैनात कर धान खरीदी प्रारंभ कराई गई थी। प्रथम दिन कुछ समितियों में धान की खरीदी की गई जबकि कई समितियों में प्रभारियों के नहीं पहुंचने से ताला लटका रहा। प्रशासन द्वारा अब सभी समितियों में प्रभारी सहित अन्य कर्मचारियों को तैनात कर दिया गया है लेकिन अभी भी विभिन्न समितियों में किसानों को टोकन के लिए मशक्कत करनी पड़ रही है। हालांकि अभी भी किसान धान की कटाई-मिसाई में व्यस्त हैं। अभी अधिकांश किसानों का धान खलिहानों में पड़ा है। जिन किसानों का धान तैयार हो गया है वे टोकन के लिए समितियों का चक्कर लगा रहे हैं। प्रभारियों ने सोमवार से किसानों को टोकन जारी करने का आश्वासन दिया है। इधर हड़ताली कर्मचारियों पर सख्ती करने के बाद समिति प्रबंधकों सहित अन्य कर्मचारियों ने अपनी हड़ताल खत्म कर दी है। शासन ने धान खरीदी को अत्यावश्यक सेवा बता हड़ताली कर्मचारियों के विरूद्ध एस्मा के तहत बर्खास्तगी, एफआईआर सहित अन्य कार्रवाई से कर्मचारियों ने हतोत्साहित होकर अपनी हड़ताल समाप्त कर दी है तथा सोमवार से आपना कार्यभार संभालने के साथ ही धान खरीदी प्रारंभ करने का निर्णय लिया है। कर्मचारियों के अपने कार्यस्थल पर लौटने के कारण अब धान खरीदी में कोई समस्या नहीं होगी। अभी भी अधिकांश समितियों में धान खरीदी से सम्बंधित आवश्यक तैयारियां पूरी नहीं हो सकी है। कई समितियों में बारदाने की कमी है जबकि अधिकांश में धान का तौल कराने, बारदानों की सिलाई एवं स्टॉक लगाने के लिए हमालों की व्यवस्था नहीं हो पाई है। विभाग द्वारा अब प्रमुखता पूर्वक राशन दुकानों का खाली बारदाना एकत्र कर समितियों को उपलब्ध कराया जा रहा है। समिति के कर्मचारियों को अभी धान खरीदी का प्रभार नहीं सौंपा गया है।




वीरान धान उपार्जन केन्द्र।

### 17 केन्द्रों में हुई धान की आवक

इस बार खरीदी प्रारंभ होने के साथ ही उपार्जन केन्द्रों में धान की आवक शुरू हो गई है। सरगुजा के 54 धान उपार्जन केन्द्रों में से 17 में धान की आवक शुरू हो गई है। इन केन्द्रों में एक सप्ताह में 1070.60 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। प्रारम्भिक दिनों में सबसे अधिक धान खरीदी सूरजपुर के उपर्जन केन्द्रों में की गई है। सूरजपुर जिले के 54 उपार्जन केन्द्रों में 16 में धान की आवक हुई है तथा अब तक 2022.36 टन धान की खरीदी की गई है। इसी तरह बलरामपुर जिले के 49 उपार्जन केन्द्रों में से 25 में धान की आवक हुई है तथा 1699.84टन धान की खरीदी की गई है। समय पर फसल तैयार होने के कारण पिछले खरीदी के प्रारम्भ से ही धान की आवक शुरू हो गई है। जानकार एक सप्ताह बाद धान की आवक बढ़ने की उम्मीद जता रहे हैं।

### रकबा कटौती की समस्या यथावत

अभी भी किसान ऑनलाईन गिरदावरी में धान के रकबे में हुई कटौती को लेकर परेशान हैं तथा सहकारी समिति एवं तहसील कार्यालय का चक्कर लगा रहे एकीकृत किसान पोर्टल में कई किसानों के धान के रकबे का समावेश नहीं किया गया है। शासन द्वारा किसानों के छूटे रकबे के सुधार के लिए 25 नवम्बर तक की तिथि निर्धारित की गई है। प्रभावित किसानों का कहना है कि रकबा सुधार के लिए तहसील कार्यालय के कर्मचारी रकबा सुधार के लिए समिति में भेजते हैं वहीं समिति के कर्मचारी तहसील कार्यालय एकबार सुधार कार्य संचालित होने का हवाला देकर उन्हें वापस लौटा दे रहे हैं तथा इस संबंध में कोई भी स्पष्ट जानकारी नहीं दे रहा है। निर्धारित तिथि तक रकबा में सुधार नहीं होने पर वे अपनी उपज को कहां बेचेंगे।

### समिति कर्मचारी करेंगे खरीदी

आगामी कार्य दिवस से समिति के कर्मचारी धान की खरीदी करेंगे। इसी शर्त पर हड़ताल से उनकी वापसी हुई है। प्रशासन द्वारा धान खरीदी की निगरानी की जा रही है।

-सुनीता अग्रवाल
डीआरसीएस



## शासकीय महाविद्यालय में जनजाति गौरव दिवस समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

शासकीय महाविद्यालय बिश्रामपुर में जनजाति गौरव दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनभागीदारी अध्यक्ष रितेश जायसवाल थे अन्य अतिथियों में नगर पंचायत बिश्रामपुर उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान, गोरखनाथपुर पंचायत के सरपंच शिवनारायण सिंह, इंजी विनय सिंह पूर्व नपं बिश्रामपुर अध्यक्ष राजेश यादव, दीना यादव थे।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता वनवासी आदिवासी समाज सूरजपुर की जयंती भगत थीं,मुख्य वक्ता जयंती भगत ने जनजाति समाज के गौरवशाली इतिहास पर अत्यंत रोचक,प्रेरक और विस्तृत उद्बोधन प्रस्तुत किया,उन्होंने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा,शहीद वीर नारायण सिंह,रानी दुर्गावती, शहीद लागुड़ नगेसिया,थिथिर उरांव, संत गहिरा गुरु, राज मोहिनी देवी, गुंडा धूर रघुनाथ शाह, शंकर शाह सहित अनेक जनजातीय महापुरुषों के संघर्ष, शौर्य और बलिदान पर प्रकाश डालते हुए छात्र–छात्राओं को प्रेरित किया, कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डीपी कोरी ने की, प्राचार्य कोरी ने अपने संबोधन में आदिवासी समाज की समृद्ध संस्कृति, परंपरा और गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए जनजातियों की अस्मिता एवं वीरगाथाओं पर आधारित अपनी कविता का पाठ किया तथा उनकी कविता स्वस्ति भाग-17 का विमोचन भी इसी अवसर पर किया गया,एनएसएस के स्वयंसेवकों ने अनुशासन के साथ कार्यक्रम के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई,स्टाफ सदस्यों द्वारा जनजातीय परिधानों में उपस्थित होना कार्यक्रम की शोभा में चार चांद लगा दिया था,जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष रितेश जायसवाल ने कहा कि महाविद्यालय परिवार ने अनुशासन, संस्कृति और जनजातीय गौरव के प्रति आदर का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है,उन्होंने जनजाति नायकों के योगदान को याद करते हुए छात्रों को उनके पदचिह्नों पर चलने का संदेश दिया,कार्यक्रम में मंच संचालन श्रीमती मनीषा अंजलि तिर्की एवं निशांत मिंज द्वारा किया गया।

## छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल का राज्य स्तरीय आवास मेला आज से

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा राज्य स्तरीय आवास मेला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रायपुर के



शंकर नगर बीटीआई मैदान में आयोजित किया गया है। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल अध्यक्ष अनुराग सिंह देव ने बताया कि आवास मेला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ 23 नवम्बर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मुख्य अतिथि में होगा। प्रथम दिन 23 नम्बर को खैरागढ़ संगीत महाविद्यालय के कलाकार, पाश्व गायक विनोद राठौर द्वारा प्रस्तुति देंगे तथा आगंतुकों को लकी ड्रॉ से उपहार वितरण, 24 नवम्बर को कलिंगा बैंड द्वारा प्रस्तुति के अलावा छत्तीसगढ़ लोक गायिका कुमारी आरू साहू की प्रस्तुति के साथ ही आगंतुकों को लकी ड्रॉ से उपहार वितरण, 25 नवम्बर को मुख्य अतिथि कृषि मंत्री रामविचार नेताम के आथित्य में समापन होगा। समापन के अवसर पर इंडियन रोलर बैंड द्वारा प्रस्तुति एवं छत्तीसगढ़ लोक गायक सुनील तिवारी प्रस्तुति देंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम पश्चात आगंतुकों को लकी ड्रॉ से उपहार वितरण किया जाएगा।

## करंजी रेलवे साइडिंग में खड़े ट्रेलर के निचले हिस्से में लटका मिला युवक का शव, मामला संदिग्ध

**बिश्रामपुर।** करंजी रेल्वे साइडिंग में पिछले सप्ताह भर से खराब स्थिति में खड़े ट्रेलर में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का फांसी पर लटका हूआ शव देखा गया है,जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया है,गौरतलब है कि करंजी चौकी क्षेत्र अंतर्गत झुमरपारा से करंजी स्टेशन मार्ग पर स्थित साइडिंग के समीप मृतक 22 वर्षीय सावन कुमार सोनवानी पिता रामलाल सोनवानी निवासी चिरमिरी हल्दीबाड़ी का शव शनिवार को करंजी रेलवे साइडिंग में खड़े ट्रेलर वाहन क्रमांक सीजी 15 डीपी 3499 के निचले हिस्से में फांसी पर संदिग्ध परिस्थितियों में लटका हूआ मिला है,करंजी पुलिस ने बताया कि युवक गत दिनों अपने ससुराल ग्राम दतिमा में रिश्तेदार के यहां चन्दनपान कार्यक्रम में शामिल होने आया था,शनिवार की सुबह चार बजे शौच के लिए अपने पत्नी को बताकर बाहर निकला था,जिसका आज सुबह शव मिला है,सूचना पर करंजी पुलिस व फॉरेंसिक एक्सपर्ट की टीम मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा बनाया,पुलिस ने बताया कि मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है,जिससे कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है,घटना के बाद गांव में मातम का माहौल है,वहीं दूसरी ओर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है,मामले में परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। परिजन का कहना है कि युवक का शव ट्रेलर वाहन के निचले हिस्से में लटका था,जिसकी ऊंचाई पांच फिट से भी कम है,आशंका जताई कि गला घोंटकर हत्या के बाद शव को फंदे पर टांग दिया गया है।पुलिस ने मामले में पीएम रिपोर्ट आने व जांच के बाद ही वस्तुस्थिति स्पष्ट होने की बात कही जा रही है।



- परिजन जता रहे हत्या होने की आशंका



## एसआईआर प्रक्रिया को लेकर कांग्रेस जयनगर-कुंजनगर मंडल की समीक्षा बैठक

**बिश्रामपुर।** जयनगर–कुंजनगर कांग्रेस मंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को पूर्व भटगांव विधायक पारसनाथ राजवाड़े की उपस्थिति में आयोजित की गई,मतदाता सूची के सत्यापन अभियान को लेकर यह बैठक की गई थी। बैठक में एसआईआर को लेकर पार्टी के बीएलओ की कार्यप्रणाली, जिम्मेदारियां और अब तक की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान मंडल के सभी बीएलओ को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए समझाया गया कि मतदाता सूची सुधार का यह अभियान संगठन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसे पूरी गंभीरता के साथ संपन्न किया जाना चाहिए,मुख्य अतिथि पूर्व विधायक पारसनाथ राजवाड़े ने उपस्थित पार्टी के बीएलओ से कहा कि मतदाता सूची सुधार अभियान में किसी भी योग्य मतदाता का नाम छूटना नहीं चाहिए, यदि किसी भी व्यक्ति का नाम गलत तरीके से सूची में दर्ज पाया जाता है तो उसे तुरंत हटवाने की पहल की जाए,एसआईआर की पूरी प्रक्रिया में बीएलओ की भूमिका सबसे प्रमुख है इसलिए समय सीमा और तथ्यात्मक शुद्धता पर विशेष ध्यान देना जरूरी है,उन्होंने कहा कि एसआईआर केवल एक औपचारिक कार्य नहीं, बल्कि जनता के मतदान अधिकार को संरक्षित करने की लोकतांत्रिक जिम्मेदारी है, बीएलओ को घर-घर जाकर सूची की पुष्टि करनी है और हर पात्र व्यक्ति को सूची में शामिल कराना ही संगठन की प्राथमिकता है,बैठक में मंडल स्तर पर संगठन को सुदृढ़ बनाने और आगामी राजनीतिक गतिविधियों की रणनीति पर भी चर्चा की गई,बैठक में राजू सिंह, पवन अग्रवाल पोन्नी,भोजराज राजवाड़े,रामचंद्र यादव, मंडल अध्यक्ष रूपनारायण राजवाड़े, पूर्व नगर पंचायत बिश्रामपुर अध्यक्ष आशीष यादव, मो. शमीम पलिहा, वेद प्रकाश मिश्र, नीरज सिंह, विनय सिंह, अनिल राजवाड़े,मो. इकबाल सोनू, डॉ फिरोज, सुनीता खाखा सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे, पूर्व विधायक श्री राजवाड़े ने बीएलओ और पदाधिकारियों से आग्रह किया कि वे घर-घर जाकर मतदाता सत्यापन के इस अभियान को सफल बनाएं।

# 55 फीसदी मतदाताओं को नहीं मिला गणना प्रपत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में पूर्व उपमुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव ने जिला स्तरीय समीक्षा बैठक की। इस बैठक में सरगुजा जिला कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत स्थित दसों सांगठनिक ब्लॉक के अध्यक्ष और मंडल अध्यक्ष के साथ ही साथ एसआईआर के लिये नियुक्त लोकसभा, विधानसभा, ब्लॉक के प्रभारी एवं सहप्रभारी मौजूद थे। समीक्षा बैठक में बूथवार आंकलन से यह स्पष्ट हुआ कि एसआईआर को लेकर प्रशासन के द्वारा जारी किए गए आंकड़े धरातल पे मौजूद यथार्थ से मेल नहीं खा रहे हैं। प्रशासन द्वारा मुहैया कराए गए आंकड़ों के अनुसार लगभग शतप्रतिशत गणना प्रपत्रों का वितरण मतदाताओं तक हो चुका है। यथार्थ स्थिति में बीएलओ मतदाताओं तक जा ही नहीं रहे हैं। क्षेत्रवार लगभग 40 से 55 प्रतिशत मतदाताओं को गणना प्रपत्र प्राप्त नहीं हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में धान कटाई में ग्रामीणों के व्यस्त रहने के कारण एसआईआर के दैनिक कार्यावधि को बढ़ाने की बात सामने आई है। बैठक में मौजूद पार्टी के कई बूथ लेवल एजेंट ने बीएलओ द्वारा असहयोग और दुर्व्यवहार की जानकारी दी गई है। यह भी जानकारी सामने आई है कि कई स्थानों पर बीएलओ गणना प्रपत्रों का वितरण खुद न कर एक विशेष राजनीतिक दल के पदाधिकारियों और इस दल से संबंध रखने वाले पंच और पार्षदों के माध्यम से कर रहे हैं। पूर्व उपमुख्यमंत्री श्री सिंहदेव ने ऐसी स्थिति पर चिंता जाहिर करते हुए यह निर्देश दिया है कि ऐसी गतिविधियों वाले बीएलओ के विरुद्ध संबंधित ईआरओ को तत्काल लिखित शिकायत की जाए। उन्होंने कहा है कि गणना प्रपत्रों के वितरण और उन्हें भरवाकर इकट्ठा करने के लिये अब मात्र 12 दिन का समय शेष है। ऐसे में प्रशासन को चाहिए कि बीएलओ को अतिरिक्त मानवीय सहयोग उपलब्ध कराए। उन्होंने जिला कांग्रेस कमेटी को निर्देश दिया है कि इन मुद्दों को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी को आवेदन दिया जाए जिससे मतदाताओं की परेशानी कम हो।

- एसआईआर को लेकर पूर्व डिप्टी सीएम सिंहदेव ने ली समीक्षा बैठक




### प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने प्रभारियों की नियुक्ति की

7 फरवरी 2026 तक चलने वाले एसआईआर की प्रक्रिया के समन्वय को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने लोकसभा, विधानसभा और ब्लॉक स्तर पर प्रभारियों की नियुक्ति की है। सरगुजा लोकसभा के लिए निगम में नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद प्रभारी होंगे। अम्बिकापुर विधानसभा के लिए 20 सूत्रीय कार्यक्रम के पूर्व उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल, सीतापुर विधानसभा के लिए पूर्व केबिनेट मंत्री अमरजीत भगत और लुण्ड्रा विधानसभा के लिये सोमेश्वर सिंह प्रभारी नियुक्त हुए हैं। ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों में अम्बिकापुर शहर के लिए डॉ. अजय तिर्की, दरिमा के लिए राकेश गुप्ता, अम्बिकापुर ग्रामीण के लिए विनीत विशाल जायसवाल, लखनपुर के लिए विक्रमादित्य सिंहदेव, उदयपुर के लिए सिद्धार्थ सिंह, लुण्ड्रा के लिए मधु सिंह, धौरपुर मुनेश्वर राजवाड़े, सीतापुर डॉ लालचंद यादव, मैनपाट मो इस्लामुद्दीन और बतौली में संजीव मंदिलवार की नियुक्ति बतौर प्रभारी हुई है। प्रत्येक ब्लॉक में 2 से 3 सह प्रभारियों की भी नियुक्ति हुई है।




# एसईसीएल अंतर क्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता की विजेता बनी कुसमुंडा की टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- फाइनल मुकाबले में दीपका की टीम को 27 अंकों के बड़े अंतर से हराया
- एसईसीएल की कुल 16 टीमों ने प्रतियोगिता में लिया हिस्सा



एसईसीएल बिश्रामपुर के दशहरा प्रांगण स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित तीन दिवसीय अंतर क्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता कुसमुंडा क्षेत्र की टीम ने जीत लिया है,शनिवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में कुसमुंडा की टीम ने दीपका को 57-30 के मुकाबले में 27 अंकों के बड़े अंतर से पराजित कर प्रतियोगिता अपने नाम कर ली है।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि निदेशक मानव संसाधन एसईसीएल बिरंची दास कार्यक्रम में किसी कारणों से शामिल नहीं हो पाने से उनकी जगह क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह बतौर मुख्य अतिथि रहे,वहीं अध्यक्षता महाप्रबंधक संचालन जीके रॉय ने की,प्रतियोगिता में एसईसीएल के अलग अलग क्षेत्रों की कुल 16 टीमें शामिल हुईं जिसमें लीग मैच में बेहतर प्रदर्शन करने वाली चार टीमें क्रमशः दीपका,सोहागपुर,गेवरा और कुसमुंडा ने सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की,पहले सेमीफाइनल में दीपका ने सोहागपुर को 26 के मुकाबले 41 अंकों से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया,साथ ही दूसरे सेमीफाइनल में कुसमुंडा ने गेवरा को 52 के मुकाबले 24 अंकों से पराजित कर फाइनल में जगह बनाई,शनिवार को दीपका और कुसमुंडा के बीच फाइनल मैच संपन्न हुआ जिसमें कुसमुंडा की टीम विजयी हुई।फाइनल मैच में बतौर मुख्य अतिथि डॉ संजय सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि टीम भावना खेल के साथ कार्य में भी दिखनी चाहिए तभी बेहतर प्रदर्शन कर पाना संभव है,उन्होंने कहा कि यहां पहुंची सभी टीमों ने बेहतर खेल कौशल का प्रदर्शन पिछले तीन दिनों में दिखाया है,हार जीत तो जीवन का भी हिस्सा है, हार से निराश न होकर पूरे तन मन से अगले कदम के लिए हमें प्रयासरत रहना चाहिए,कॉर्पोरेट जगत में भी बेहतर टीम बिल्डिंग के साथ ही लक्ष्य प्राप्त कर पाना संभव है,उन्होंने सभी अतिथियों को शॉल व श्रीफल भेंट कर सभी को बधाई दी,कार्यक्रम का स्वागत प्रतिवेदन महाप्रबंधक संचालन जीके रॉय ने प्रस्तुत किया, मौजूद अतिथियों के हाथों दोनों टीमों के खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया।कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक मानव संसाधन हरेंद्र तिवारी और अमन कश्यप ने संयुक्त रूप से किया।

### विजेता व उपविजेता टीम के ये खिलाड़ी हुए पुरस्कृत

फाइनल मुकाबले की विजेता कुसमुंडा टीम को विजेता की ट्राफी व दीपका की टीम को उपविजेता की ट्रॉफी मुख्य अतिथि व मंचस्थ अतिथियों ने सौंपा, तीन दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता में बेस्ट कैचर गेवरा टीम के जयराम रहे,बेस्ट रेडर कुसमुंडा टीम के जयंत कुमार रहे,जबकि मैन ऑफ दी सीरीज दीपका के साहिल कुमार को प्रदान किया गया,आयोजन में कंपनी संचालन समिति सदस्य नाथूलाल पांडेय,सुजीत सिंह,अजय विश्वकर्मा,गोपाल नारायण सिंह,वीएम मनिहारी,बजरंगी शाही,राजेश शर्मा,अमृतलाल विश्वकर्मा,विजय मनोहर,सिस्टा के आर. पी खांडेय,ओपी नारंग,ए.विश्वास,बी.धर्मराव,आर. सिदार,सुरक्षा समिति सदस्य एसईसीएल संजय सिंह सहित सीएमओआई के पदाधिकारी, क्षेत्रीय कल्याण समिति सहित स्थानीय यूनियन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

